C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:23 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:26 बजे

सांध्य दैनिक

उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 122 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 2 नवंबर 2026

रिलीज से पहले कितना माहौल...पेज-3 पर

News कॉर्नर

दो दिन बाद रूटों पर लौटीं रोडवेज की बसें

काशीपुर। रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होने के बाद बसों का संचालन शुरू हो गया है। रविवार को कर्मचारी काम पर लौट आए और दो दिनों से प्रभावित परिवहन व्यवस्था फिर से पटरी पर आ गई है। काशीपुर डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी अनवर कमाल ने बताया कि रोडवेज कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार और शनिवार को हड़ताल पर रहे थे। हड़ताल के कारण दो दिनों तक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और डिपो को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। शनिवार को देहरादून मुख्यालय में परिवहन मंत्री के साथ रोडवेज कर्मचारी संगठनों की वार्ता हुई जिसमें सहमति बनने के बाद हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया गया। रविवार सुबह से दिल्ली, देहरादून, हल्द्वानी सहित सभी लंबे और लोकल रूटों पर बसों का संचालन पूर्ववत हो गया है।

पुरानी पेंशन बहाली के लिए आज दून में जुटेंगे कर्मचारी

जसपुर। पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर कर्मचारी दो नवंबर को देहरादून में प्रस्तावित रैली और मुख्यमंत्री आवास घेराव में शामिल होंगे। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा (एनओपीआरयूएफ) ने आंदोलन की तैयारी पूरी कर ली है। रविवार को बीआरसी में आयोजित पत्रकार वार्ता में मोर्चे के जिलाध्यक्ष नीरज चौहान ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली कर्मचारियों के सम्मान और उनके परिवारों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा मुद्दा है। इसके लिए सभी कर्मचारियों को एकजुट होकर आंदोलन में भागीदारी करनी होगी।

सूचना

हमारे अखबार में शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026 के अंक में भूलवश क्रमांक संख्या 101 से 31 अक्टूबर 2026 के अंक तक एक दिन का अंतर गलत प्रकाशित हो गया है, जो कि 9 अक्टूबर से 101 की जगह 102 पढ़ा जाए। जो कि आज के अंक से 121 की जगह 122 सही कर प्रकाशित किया जा रहा है।

नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य में पर्यटन सत्र 2026-27 में ईको-टूरिज्म सफारी का किया शुभारंभ

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



वन प्रभाग, हल्द्वानी/नंधौर वन्यजीव अभयारण्य के चोरगलिया द्वार में सांसद, नैनीताल-उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र अजय भट्ट द्वारा विधिवत रूप से सफारी पर्यटन सत्र 2026-27 का शुभारंभ कर सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाई गई। इस अवसर पर गोलापार, चोरगलिया क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों, स्थानीय जनसमुदाय के सदस्यों, पंजीकृत नेचर गाइडों, सफारी वाहन संचालकों तथा वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी, हल्द्वानी वन प्रभाग द्वारा नंधौर वन्यजीव अभयारण्य की जैव विविधता का उल्लेख करते हुए क्षेत्र के वनों एवं वन्यजीवों के संरक्षण में स्थानीय जनता के सहयोग तथा सतत प्रयासों के विषय में जानकारी दी गयी। तत्पश्चात नंधौर वन्यजीव अभयारण्य के स्थापना के उद्देश्यों, संरक्षण के क्षेत्र में उक्त अभयारण्य की भूमिका तथा ईको-टूरिज्म की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने विशेष रूप से हल्द्वानी वन प्रभाग द्वारा इस वर्ष सफारी मार्गों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य पूर्ण करने एवं सत्र प्रारंभ होने से काफी पहले पूर्ण करने की पहल की सराहना की। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष सफारी पर्यटन सत्र का शुभारंभ 01 नवंबर से किया जा रहा है। इससे अधिक से अधिक पर्यटकों को ईको पर्यटन हेतु आने तथा स्थानीय स्तर पर पर्यटन गतिविधियों से रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

कार्यक्रम में नैनीताल कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र रुखमी, जिला पंचायत सदस्य गोलापार/चोरगलिया अर्जुन बिष्ट, सामाजिक कार्यकर्ता पवन सिंह नेगी एवं मनोज खत्री, क्षेत्र पंचायत सदस्य चंपावत, ग्राम प्रधान लालकुआं, नया गांव कटान, ग्राम प्रधान चनवाल कटान, कई नेचर गाइड, सफारी चालक, भारी संख्या में स्थानीय जनता, महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्य, कई प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण, वन क्षेत्राधिकारी, नंधौर लक्ष्मण सिंह महता, वन क्षेत्राधिकारी, एकता जोशी, वन क्षेत्राधिकारी, गोलापार जगदीश चन्द्र पंत सहित नंधौर उप वन प्रभाग के समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संबंधित ग्राम पंचायत से विचार-विमर्श करने की घोषणा

क्षेत्र पंचायतों को सौगात, सशक्त बनाने को सीएम धामी ने की चार बड़ी घोषणाएं

देहरादून

हमारे संवाददाता



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में आयोजित उत्तराखंड प्रमुख संगठन सम्मेलन-2026 में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र पंचायतों को सशक्त बनाने और ब्लॉक प्रमुखों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की समस्याओं के समाधान के लिए चार महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

मुख्यमंत्री ने क्षेत्र पंचायत निधि को दोबारा प्रारंभ करने, क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय एवं भत्तों में वृद्धि के लिए कार्यवाही करने, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की विकासखंड स्तरीय समिति में क्षेत्र पंचायत प्रमुख को शामिल करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों को नगरीय क्षेत्रों में सम्मिलित करने की प्रक्रिया में संबंधित ग्राम पंचायत से विचार-विमर्श करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख और पंचायत प्रतिनिधि सरकार तथा जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे अपने क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं और जरूरतों को बेहतर तरीके से समझते हैं। सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास में उनकी अहम भूमिका है। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं और सुझावों को सरकार गंभीरता से ले रही है। संबंधित विभागों के साथ विचार-विमर्श कर इनके समाधान के लिए सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित उत्तराखंड का लक्ष्य गांवों को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाकर ही हासिल किया जा सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए होमस्टे, ग्रामीण पर्यटन, कृषि, बागवानी, पशुपालन और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश में रिवर्स पलायन में 44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होने की बात कही और कहा कि ग्रामीण आजीविका के अवसर बढ़ाने में पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों और लखपति दीदी अभियान के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। किसानों, वरिष्ठ नागरिकों, सैनिकों, पूर्व सैनिकों सहित समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पंचायत प्रतिनिधियों से इन योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने और पात्र लोगों को लाभान्वित कराने में सहयोग करने की अपील की।

बदरीनाथ धाम में बर्फबारी बदला मौसम का मिजाज, सफेद चादर से ढकी चोटियां

देहरादून

हमारे संवाददाता

बदरीनाथ धाम में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। धाम में बर्फबारी होने से चोटियों और आसपास के क्षेत्र का नजारा बेहद खूबसूरत हो गया है। बर्फ की सफेद चादर से ढके धाम में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बर्फबारी के बाद तापमान में गिरावट से ठिठुरन भी बढ़ गई है। सर्द हवाओं के बीच धाम में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है।

बर्फबारी के चलते पूरे क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम में आए बदलाव के बाद बदरीनाथ धाम और आसपास के क्षेत्रों में ठिठुरन बढ़ गई है। बर्फबारी से धाम का नजारा भी पूरी तरह बदल गया है। ऊंचाई वाले क्षेत्र में ठंड का असर अधिक महसूस किया जा रहा है। दीपावली से ठीक पहले उत्तराखंड में मौसम ठंड से राहत देगा। सूर्य की चमक बढ़ने से पहाड़ से लेकर मैदान तक के सामान्य तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। हालांकि आज सोमवार को प्रदेश के जिलों के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है। रविवार को प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार तीन से सात नवंबर तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। इससे पहले दो नवंबर को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा 3400 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का अनुमान है।



साइबर ठगों के आगे बेबस, पुलिस लाखों लुट रहे, आरोपी अब भी गिरफ्त से बाहर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

साइबर ठगों के लिए हल्द्वानी मानो खुला मैदान बनता जा रहा है। कभी ई-चालान के नाम पर तो कभी सीधे बैंक खातों में सेंध लगाकर लोगों की जिंदगीभर की कमाई उड़ाई जा रही है। लाखों रुपये की ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, लेकिन साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने के सवाल अब भी अनुत्तरित हैं। पीड़ित बैंक, साइबर हेल्पलाइन और पुलिस के चक्कर काट रहे हैं, जबकि ठग रकम उड़ाकर बेखौफ गायब हो रहे हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दो दिन में खाते से उड़ाए 1.64 लाख रुपये कोतवाली क्षेत्र निवासी पवन जोशी पुत्र भुवन चंद्र जोशी को बिना सहमति कुल 1 लाख 64 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने बैंक और साइबर अपराध हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई।

उधर मानपुर पश्चिम, देवलचौड़ निवासी महेश चंद्र को स्कूटी के चालान का फर्जी मैसेज भेजकर साइबर जाल में फंसाया गया। मोबाइल पर आए लिंक के जरिए कथित तौर पर एपीके फाइल इंस्टॉल कराई गई। इसके बाद 27 अक्टूबर को मोबाइल पर सैकड़ों फर्जी ट्रांजेक्शन मैसेज आने लगे और खाते से यूपीआई के जरिए 3 लाख 65 हजार रुपये निकल गए।

हादसा: वैन और ट्रेलर की टक्कर में छह लोगों की मौत, किशोर गंभीर

कुशीनगर

एजेंसी



हाटा कोतवाली क्षेत्र में एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। पेट्रोल पंप के पास वैन और ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है। एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया है।

यह दुर्घटना देर रात उस समय हुई जब सभी लोग तिलक समारोह से घर लौट रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

पुलिस ने घायल किशोर को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। विधिक कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के भलुही गांव के निवासी वैन में सवार थे। प्रधान प्रतिनिधि कन्हैया प्रसाद (40) भी इनमें शामिल थे। उनके पिता रामबेलास (65) भी वैन में थे। राममिलन (35), आयुष (12), मृदुल मिश्रा (37) और रंजय गुप्ता (35) भी साथ थे। मिथिलेश गुप्ता (22) भी इस समूह का हिस्सा थे। वैन में सवार इन सात लोगों में से छह की मौत हो गई। राममिलन का 17 वर्षीय पुत्र आर्यन गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दुःखद

- सभी लोग तिलक समारोह से घर लौट रहे थे
- टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई

सभी लोग देवराज पिपरा में एक रिश्तेदार के तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। समारोह से देर रात वे अपने गांव लौट रहे थे। हाटा कोतवाली क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पास यह दुखद घटना हुई। सामने से आ रहे एक ट्रेलर से उनकी वैन टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए।

लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने किया 12 वरिष्ठजनों का सम्मान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अपनी समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के विशेष मकसद से लेक सिटी वेलफेयर कलब द्वारा रविवार को रॉयल होटल में हमारी संस्कृति-हमारी पहचान एवं हमारे बुजुर्ग-हमारी धरोहर कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। लोकसंस्कृति की मनमोहक प्रस्तुतियों के बीच नगर के 12 वरिष्ठजनों को सममानित कर उनके सामाजिक योगदान एवं अनुभवों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।



इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद दिनेश आर्य एवं नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नगर के 12 गणमान्य वरिष्ठजनों (पूर्व पालिकाध्यक्ष श्याम नारायण, डॉ. डी.पी. गंगोला, जोगेंद्र सिंह आनंद, आनंद राम आर्य, चेतसिंह बिष्ट, सुदर्शन शाह, श्रीष चंद जगाती, उमा लांबा, गणेश लाल वर्मा, भगवत प्रसाद लोनी, अबदुल रहमान एवं लीला बिष्ट) को प्रतीक चिह्न भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सममानित किया गया।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कुमाऊँ की लोकपरंपराओं की सुंदर छटा बिखेरी। वार्ड संख्या सात शेर का डांडा की टीम द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक बारहमासा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं येगा कुलोरा, नितेश शर्मा, मीनाक्षी आर्य एवं प्रमोद भाकुनी ने अपनी एकल प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण पारंपरिक झोड़ा एवं चाचरी रहा। मसकबीन की मधुर धुनों के बीच लोकगीतों और पारंपरिक नृत्यों ने पूरे वातावरण को कुमाऊँनी संस्कृति के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद दिनेश आर्य ने कलब के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए। ये कार्यक्रम समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ ही नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।विधायक सरिता आर्य ने भी कलब द्वारा सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का सममान करना हमारी संस्कृति और संस्कारों का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कलब के प्रत्येक कार्यक्रम में सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। इससे पूर्व कलब की अध्यक्ष कविता त्रिपाठी ने सभी अतिथियों, सममानित वरिष्ठजनों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रगति जैन ने किया।

इस अवसर पर कलब की सचिव डॉ. प्रगति जैन, सह संयोजक कंचन जोशी एवं निवेदिता मल्होत्रा सहित मंजू बिष्ट, हेमा भट्ट, रानी साह, बीनिता पांडे, जीवन्ती भट्ट, आभा साह, भावना साह, सरिता त्रिपाठी, दया कुंवर, सीमा सेठ, सीमा नौटियाल, तनु सिंह, मधुमिता, रमा लोनी, सोनू साह, ज्योति ढौंडियाल, गीता साह, मानसी गर्ग, नीलम गुप्ता, रेखा त्रिवेदी, रमा भट्ट, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बेनवाल एवं वर्षा आर्य सहित कलब की अनेक सदस्याएँ उपस्थित रहीं।

ज्योलीकोट में घनी झाड़ियों में मिला गुलदार का शव

नैनीताल । जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट में रविवार को एक गुलदार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घनी झाड़ियों के बीच पड़ा मिला, जिसे वन विभाग के कर्मियों द्वारा निकाल कर रेस्कयू सेंटर रानीबाग ले जाया गया। शव के कुछ हिस्से को जंगली जानवर खा चुके थे।

बता दें संत एंथोनी चर्च के समीप स्थित कब्रिस्तान में ईसाई समुदाय के सोमवार (आज) मनाए जाने वाले कार्यक्रम मृतकों के दिवस के लिए समुदाय के लोग सफाई कार्य कर रहे थे।

इसी दौरान एक गुलदार लेपर्ड का शव दिखाई दिया जिससे लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना के बाद शाम को वन कर्मियों ने गुलदार के शव को कबजे में लेकर रानीबाग रेस्कयू सेंटर ले जाया गया। गुलदार के कुछ हिस्से को जंगली जानवर खा चुके थे। कर्मियों में कीपर रविंद्र जोशी, खीमानंद तथा चालक मनमोहन व नारायण पांडेए शामिल थे।



पौधरोपण के जरिए प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा रविवार को पौधारोपण के साथ जनसंपर्क अभियान।

अभियान के तहत 839 वें दिन मुनाकोट विकासखंड के गौरीहाट में ब्लॉक अध्यक्ष त्रिलोक सिंह धारियाल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक से पूर्व भगवान नागार्जुन मंदिर परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपित किया गया। बैठक में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी स्वर्गीय ज्योति सिंह धारियाल को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सभी वक्ताओं ने मिशन 2027 के तहत उत्तराखंड क्रांति दल की सरकार बनाने का आवाहन किया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि जनता इस बार मन बना चुकी है कि उत्तराखंड क्रांति दल को भारी बहुमत से जिताते हुए उत्तराखंड क्रांति दल की सरकार बनाएं। इसी क्रम में उनके द्वारा ग्रामीणों से व्यापक जनसंपर्क किया गया। सभा में त्रिलोक सिंह धारियाल, गुलाब सिंह धामी, मदन सिंह पोखरिया, राजेश मेहता, हेमेंद्र बिष्ट ,दीवान सिंह मेहता, मनोहर सिंह ऐरी, रमेश कुमार, विनोद धामी, होशियार सिंह, पंकज सिंह, मदन मोहन, महिमन सिंह कन्याल व भगवान सिंह उपस्थित रहे।

वाहनों के लिए एक साल बाद नैनीताल की लोअर माल रोड आज से खुलेगी

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नैनीताल की लोअर माल रोड पर करीब एक साल बाद वाहनों की आवाजाही शुरू होने जा रही है। सड़क के संवेदनशील हिस्से में ट्रीटमेंट का कार्य पूरा होने के बाद अब इसे यातायात के लिए खोलने की तैयारी की जा रही है।

रविवार से सड़क की साफ. सफाई के साथ ही मल्लीताल की ओर बनाए गए रैंप को हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है वही 2 नवंबर से लोअर माल रोड पर दोपहिया वाहनों की आवाजाही सुचारु कर दी जाएगी वही सफाई का कार्य पूरा होने के बाद सड़क को सभी वाहनों के लिए सुचारु किया जाएगा। मामले में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रजेश सकसेना ने बताया कि सितंबर 2018 में लोअर माल रोड के करीब 25 मीटर हिस्से में दरारें आने के साथ ही धंसाव शुरू हो गया था इसके बाद सड़क के ट्रीटमेंट कार्य को वर्ष 2023 में स्वीकृति मिली थी निविदा प्रक्रिया और अनुबंध के बाद वर्ष 2025 में सड़क का बड़ा हिस्सा जीवनदायिनी नैनी झील में समा गया था, इसके बाद 25 सितंबर 2025 को निर्माण कार्य शुरू किया गया। बताया कि लोअर माल रोड के करीब 40 मीटर हिस्से में ट्रीटमेंट का कार्य किया गया है। इस कार्य पर 3 करोड़ 48 लाख रुपये की धनराशि खर्च की गई है। सड़क के उपचार के लिए कुल 51 पाइलिंग की गई हैं जिनका कार्य अब पूरा हो चुका है। सड़क बंद रहने के दौरान लोक निर्माण विभाग की ओर से माल रोड पर दो रैंप बनाए गए थे जिन्हें अब हटाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोअर माल रोड का यह हिस्सा काफी संवेदनशील है ऐसे में यहां तकनीकी रूप से मजबूत ट्रीटमेंट किया गया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अब सड़क को यातायात के लिए खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बताया कि सड़क की सफाई की जा रही है जबकि मल्लीताल की ओर बनाए गए रैंप को हटाने का कार्य रात तक पूरा करने का लक्ष्य है, फिलहाल 2 नवंबर (आज) से दोपहिया वाहनों की आवाजाही शुरू होगी। सड़क की सफाई पूरी होने के बाद अन्य वाहनों के संचालन को भी सुचारु किया जाएगा।

NEWS / फटाफट

आज से कुविवि में तीन दिनी क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम



नैनीताल । केंद्रीय सतर्कता आयोग के तत्वावधान में आयोजित सतर्कता जागरूकता की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि के अनुरूप कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा 2 से 4 नवंबर तक विश्वविद्यालय के कार्मिकों के लिए तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. रीतेश साह के मुताबिक इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के कार्मिकों को साइबर सुरक्षा, पारदर्शी एवं जवाबदेह सार्वजनिक खरीद प्रक्रिया, जीईएम पोर्टल के प्रभावी उपयोग तथा शासकीय आचरण नियमों के प्रति जागरूक एवं दक्ष बनाना है। इन विषयों पर विश्वविद्यालय की वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी, उत्तराखंड प्रशासन अकादमी की उप निदेशक पूनम पंत तथा सहायक कुलसचिव राकेश विश्वकर्मा तथा उत्तराखंड पुलिस की साइबर सुरक्षा टीम द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।कार्यक्रम का शुभारंभ 2 नवंबर को प्रातः 10:45 बजे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट द्वारा कुमाऊँ विश्वविद्यालय के द हर्मिटेज परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम का सह आयोजन विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) एवं यूजीसी.मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र द्वारा किया जा रहा है।

प्रो.दीपक पालीवाल बने समाजशास्त्र विभाग के एचओडी



नैनीताल । कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने प्रो. दीपक पालीवाल को कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष बनने पर उन्हें देवदार का पौधा भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बता दें चक्रानुक्रम में प्रो. पालीवाल प्रो. ज्योति जोशी के बाद विभागाध्यक्ष बने हैं जिसका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। प्रो. दीपक पालीवाल कुमाऊँ विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। इससे पूर्व उन्होंने उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय तथा डॉ. आर एस टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी नैनीताल में भी विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।उनकी प्रमुख अकादमिक एवं शोध रुचियों में महिला अध्ययन, लैंगिक समानता, महिला स्वास्थ्य व वंचित समुदायों का अध्ययन तथा अनुसंधान पद्धति शामिल हैं। उन्होंने अब तक छह पुस्तकों का लेखन किया है तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में 25 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। उनके शोध पत्रों में स्कोप्स एवं वेब ऑफ साइंस में अनुक्रमित पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध कार्य भी शामिल हैं। विभागाध्यक्ष बनने पर प्रो.पालीवाल को कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी समेत कूटा परिवार ने बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

लोअर डांडा में क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य शुरु

नैनीताल । नगर के तल्लीताल स्थित लोअर डांडा में लंबे समय से क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य शुरु हो गया है। मामले में पालिका के सभासद पूरन सिंह बिष्ट ने बताया कि क्षतिग्रस्त दीवार का कार्य नगर पालिका परिषद प्रशासन की ओर से किया जा रहा है,उन्होंने कहा कि दीवार के क्षतिग्रस्त होने से हर समय दुर्घटना की आशंका बन रही थी,कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उनकी ओर से पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही कार्य के पूर्ण होने से संबंधित क्षेत्रवासियों को आने-जाने में काफी मदद मिल सकेगी।

नीम करौली आश्रम में भंडारे का आयोजन

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर काकड़ीघाट स्थित बाबा नीम करौली आश्रम में शनिवार को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा आश्रम भक्तिमय हो उठा। भजन मंडली की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। दोपहर में हवन, पूर्णाहुति और महाआरती के बाद भंडारा शुरू हुआ। इसमें दूरदराज के गांवों और क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक आश्रम में भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति के सदस्य जुटे रहे।

ल्वेशाल गांव को मिली लिफ्ट सिंचाई योजना की सौगात

धारी

हमारे संवाददाता

भीमताल विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ बलॉक अंतर्गत ग्राम सभा ल्वेशाल के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा के प्रयासों से ग्राम सभा ल्वेशाल के लिए 2 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत से लिफ्ट सिंचाई योजना को स्वीकृति मिल गई है। इस योजना के धरातल पर उतरने से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी और कृषि कार्यों को बढ़ावा मिलेगा।

कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को योजना की टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने तथा निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई जल्द से जल्द सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री कैड़ा ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई सुविधाओं को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। ल्वेशाल गांव में लिफ्ट सिंचाई योजना बनने से किसानों को खेती के लिए पानी की उपलब्धता में सुविधा होगी। इससे कृषि उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए लगातार कार्य कर रही है। क्षेत्र में सिंचाई, सड़क, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं ताकि ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।ल्वेशाल गांव के लिए स्वीकृत यह सिंचाई योजना क्षेत्र के किसानों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी और कृषि गतिविधियों को नई गति प्रदान करेगी। मंत्री कैड़ा ने आज भीमताल विधानसभा क्षेत्र के भटेला, पतलोट, अमजड, सुवाकोट, पोखरी, थली, मोहनागाँव तथा हरिनगर सहित आदि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना संबंधित विभाग के अधिकारीयों को फोन कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये।



खुशी

- कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा के प्रयासों से 2 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत से बनेगी सिंचाई योजना

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

अभिमत

कब टूटेगी नींद?

हर घंटे साइबर अपराध की दस घटनाएं हो रही हैं। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि उम्रदराज और युवा के साथ किशोर भी अपराधियों के निशाने पर हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। देश की राजधानी में पुलिस और खुफिया तंत्र के पास आधुनिक तकनीक होने के बाद भी अपराधों पर काबू नहीं किया जा सका है। देश के छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस के पास संसाधन और तकनीक का अभाव है, जबकि साइबर अपराधियों की पहुंच गांव-गांव तक है। आंकड़े जारी करने से कुछ नहीं होगा। सवाल यह है कि सरकार की नींद कब टूटेगी?

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार देशभर में साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। हर घंटे साइबर अपराध की दस घटनाएं हो रही हैं। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि उम्रदराज और युवा के साथ किशोर भी अपराधियों के निशाने पर हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। देश की राजधानी में पुलिस और खुफिया तंत्र के पास आधुनिक तकनीक होने के बाद भी अपराधों पर काबू नहीं किया जा सका है। देश के छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस के पास संसाधन और तकनीक का अभाव है, जबकि साइबर अपराधियों की पहुंच गांव-गांव तक है। आंकड़े जारी करने से कुछ नहीं होगा। सवाल यह है कि सरकार की नींद कब टूटेगी? पुलिस और खुफिया तंत्र यह कहकर संतोष कर लेता है कि धोखाधड़ी के मामले ज्यादा हो रहे हैं। यह बात सरासर गलत है। साइबर अपराधी यौन शोषण, हत्या तथा जबरन वसूली के लिए भी तकनीक का दुरुपयोग कर रहे हैं। देश में हर घंटे बलात्कार और हत्या की तीन घटनाएं हो रही हैं। हजारों लोगों की जान जा चुकी है। सियासी साजिश और बदला लेने की भावना से हत्या की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। साइबर अपराधी प्रतिबंधित यौन सामग्री का प्रचार करने के लिए भी तकनीक का दुरुपयोग कर रहे हैं। आत्महत्या के मामले भी सामने आये हैं। हैरान करने की बात यह है कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो ने अपराध की घटनाओं की संख्या और उनमें लगातार वृद्धि के आंकड़े पेश किये हैं, परन्तु कितने मामलों का खुलासा हुआ, कितने अपराधी पकड़े गये और कितने अपराधियों को सजा हुई, इस बारे में नहीं बताया गया। दरअसल लगातार अपराधों की संख्या बढ़ने से पता चलता है कि अपराधियों में पुलिस का खौफ नहीं है। अपराधियों को पकड़ने में पुलिस नाकाम है। खुफिया तंत्र भी गहरी नींद में सोया है। अपराधी बेरोकटोक अपने मंसूबों को अंजाम देने में लगे हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त युवा रातों-रात अमीर बनने के लिए अपराध की दुनिया में कदम रख रहे हैं। साइबर अपराध के मामलों में पकड़े गये लोग इंजीनियरिंग और अन्य डिग्रीधारी पाये गये हैं। साइबर अपराधी महिला, बुजुर्ग के अलावा किशोर उम्र के बालक-बालिका को निशाना बना रहे हैं। पुलिस और खुफिया तंत्र को तकनीकी प्रशिक्षण देकर अपराधों को रोकने के लिए तैयार करना होगा।

निबंध प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरुस्कृत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल बैंक के सहयोग से आयोजित नैनीताल समाचार की निबन्ध प्रतियोगिता के विजेताओं को रविवार को एक समारोह में पुरस्कृत किया गया। बता दें इस वर्ष सैनिक स्कूल घोड़ाखाल से श्रेया भारद्वाज, वैभव पाण्डेय, प्रिया कोरंगा जबकि डिविटो स्कूल भवाली से लता साह व जानवी पाण्डेय जबकि सेन्ट मेरिज कान्वेन्ट कॉलेज नैनीताल से ज्योत्सना वर्मा, अद्रिता रावत, सियोना पांडे, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल से रिया, हर्ष जोशी, रश्मि नयाल व उमाज लबली से गौरव मछल, मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर से फातिमा व मनीषा पाल, लेकस इंटरनेशनल से तनिष्का गोस्वामी, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर से रोजन बी तथा भूमिका गोस्वामी व ऋति पंत विजयी रहे।



इन सभी विजेता विद्यार्थियों को रविवार को सीआरएसटी इंटर कालेज नैनीताल के जगदीश साह सभागार में पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष इस्लाम हुसैन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमाँचल नगर सहकारी बैंक के निवर्तमान अध्यक्ष आलोक साह ने की। संचालन जय जोशी द्वारा किया गया समारोह के प्रारंभ में संपादक नैनीताल समाचार राजीव लोचन साह ने नैनीताल समाचार के 50 वर्षों के सफर एवं 32 वर्षों से नैनीताल बैंक के सहयोग से चली आ रही इस निबंध प्रतियोगिता पर प्रकाश डाला। तदुपरान्त जिन्होंने मध्यम वर्ग के कक्षा छः सात एवं आठ बच्चों के निबंध का मूल्यांकन किया संजीव भगत एवं लाल सिंह चौहान ने बच्चों द्वारा लिखे गए ट्रैफिक के नियंत्रण कैसे करेंगे विषय पर बच्चों के विचारों की विस्तार से जानकारी श्रोताओं को दी। परंतु कनिष्ठ वर्ग के निरीक्षक कमल किशोर जोशी तथा वरिष्ठ वर्ग के निरीक्षक रुचति पन्त बनर्जी व्यक्तिगत कारणों से इस कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कनिष्ठ व मध्यम एवं वरिष्ठ वर्ग के बच्चों के लेखन पर विस्तार से चर्चा की। तदुपरान्त मुख्य अतिथि कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं संपादक नैनीताल समाचार द्वारा विजयी बच्चों को ट्राफी एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किए गए। इस बार की चल वैजयन्ती ट्राफी सेन्ट मेरिज कांवेंट नैनीताल प्राप्त की।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में आलोक साह ने बच्चों को सद्भावनाएं प्रेषित कीं।अन्त में कार्यक्रम के संयोजक पवन राकेश द्वारा कार्यक्रम में शामिल गणमान्य व्यक्तियों पद्मश्री अनूप साह व पद्मश्री प्रो. शेखर पाठक, प्रो. उमा भट्ट, डा. शीला रजवार, डी सी खेतवाल, एडवोकेट दुर्गा मेहता, मनमोहन चिलवाल, एडवोकेट कैलाश तिवारी, चंपा उपाध्याय, विनोद पांडे, दीप पांडे, पंकज भट्ट आदि एवं पुरस्कृत बच्चों और अभिभावकों तथा अध्यापकों तथा सी आरएसटी के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे एवं विद्यालय के स्टाफ को तथा नैनीताल समाचार के स्टाफ को धन्यवाद दिया गया।

मिठाई की दुकानों पर रेट लिस्ट नहीं, नोटिस थमाया

अल्मोड़ा। दीपावली पर्व से पहले रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तहसील सल्ट के मौलेखाल और डोटियाल बाजार में खाद्य पदार्थों की दुकानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरा मिठाई की रेट लिस्ट नहीं मिलने पर दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार के नेतृत्व में राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने मौलेखाल स्थित भंडारी मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया।

इस दौरान दुकान में रेट लिस्ट प्रदर्शित नहीं मिलने पर संचालक श्याम भंडारी उर्फ सोनू को नोटिस जारी किया गया। टीम ने दुकानदारों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने, दुकानों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने और अनिवार्य रूप से रेट लिस्ट प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। तहसीलदार सल्ट आबिद अली ने कहा कि त्योहार के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और उपभोक्ताओं के हितों से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

सूखी नदी पर 125 मीटर लंबा काजवे होगा तैयार, सांसद अजय भट्ट ने किया स्थलीय निरीक्षण

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



विकासखंड हल्द्वानी के अंतर्गत विजयपुर-पहाड़पानी पैदल मार्ग से देवलामाझ तक निर्माणाधीन मोटर मार्ग एवं सूखी नदी पर बन रहे काजवे के कार्य का नैनीताल-उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस परियोजना के अंतर्गत 1.300 किलोमीटर मोटर मार्ग तथा सूखी नदी पर 125 मीटर लंबे काजवे का निर्माण किया जा रहा है। कुल 3 करोड़ 87 लाख 18 हजार की लागत से बनने वाली इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान सांसद अजय भट्ट ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। उन्होंने मौके से ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित करते हुए निर्माण कार्य में गुणवत्ता के मानकों का विशेष ध्यान रखने और निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने को कहा। वन विभाग को 1 करोड़ 16 लाख की धनराशि का भुगतान किया जाना है। इस संबंध में सांसद अजय भट्ट ने संबंधित विधागाध्यक्ष राजेश शर्मा से दूरभाष पर बातों कर आवश्यक बजट शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया, ताकि परियोजना के कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए और निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ सके। इस सड़क के निर्माण से विजयपुर-पहाड़पानी एवं देवलामाझ क्षेत्र के ग्रामीणों को पैदल आवागमन की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। साथ ही दैनिक आवागमन, स्वास्थ्य सेवाओं एवं आपातकालीन परिस्थितियों में भी बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। इस दौरान अधिशासी अधियंता, प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग नैनीताल रतनेश सक्सेना, सहायक अधियंता मनोज पांडे, एसडीएम हल्द्वानी मोनिका आर्य, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र के सम्मानित ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

फिल्मी दुनिया

रामायण: रिलीज से पहले कितना माहौल बना पाई रणबीर की फिल्म



नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म रामायण इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है। दिवाली से पहले फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। इसमें रणबीर भगवान राम और साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी। यश को रावण के किरदार में देखा जाएगा। कई चर्चित सितारे फिल्म से जुड़े हैं। अच्छा-खासा लागत फिल्म बनाने में लगी है। रामायण पर फिल्म बने तो लोगों को उत्सुकता भी होती है। इस फिल्म को लेकर भी है। इसके विजुअल्स की काफी बातें हो रही हैं। मगर, म्यूजिक को लेकर आलोचना भी हो रही है। इस बीच एडवांस बुकिंग में अच्छा प्रदर्शन दिख रहा है।

01 नवंबर को शाम चार बजे तक सैकनिल्क पर प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक रामायण ने पहले दिन की एडवांस बुकिंग में 23.72 करोड़ रुपये कमाए हैं। 13,081 शो के लिए फिल्म के 5.37 लाख टिकट बिके हैं। वहीं, ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, दो शो की तारीखों में फिल्म की कुल एडवांस बुकिंग ब्लॉक्ड सीटों सहित 36.06 करोड़ रुपये पहुंच गई है। इस तरह 24,332 शो के लिए फिल्म के 8.23 लाख टिकट बिके हैं। जाहिर है कि एडवांस बुकिंग का यह आंकड़ा कम नहीं है।

उम्मीदों के मुताबिक

फिल्म रामायण को लेकर चर्चा शुरू से है। इसकी कास्ट से लेकर बजट तक हर चीज ने ध्यान आकर्षित किया है। इंडिया टुडे डिजिटल की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला का मानना है कि फिलहाल की चर्चा उम्मीदों के मुताबिक है। उन्होंने कहा, नॉर्थ में ज्यादा ट्रैक्शन है, जबकि साउथ में थोड़ी कम, लेकिन उम्मीद जगाने वाली तस्वीर है। यश और साई पल्लवी की मौजूदगी रीजनल डबिंग दिलचस्पी जगाने में मदद कर सकती है।

करवाचौथ क्वीन एवं डांडिया क्वीन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कोटकाली फाउंडेशन एवं नेशनल चाइल्ड एंड वुमन डेवलपमेंट काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में गार्डन में करवाचौथ क्वीन एवं डांडिया क्वीन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। करवाचौथ क्वीन में मीना राणा एवं डांडिया क्वीन में रेनू बिजेता रहीं। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि एनसीडब्ल्यूडीसी की राष्ट्रीय पदाधिकारी ऊषा जैन रहीं। निर्णायक मंडल में आशा, सुचित्रा, प्रियंका एवं ऋतु शामिल रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीमा बत्रा, प्रेमा, पूनम, ईशू, नीलम सहित कोटकाली फाउंडेशन एवं एनसीडब्ल्यूडीसी की समस्त टीम का विशेष सहयोग रहा। आयोजक दीप्ति चुफाल ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन कर स्थानीय लोगों को प्रोत्साहित किया जाता है। संगठन कि सोच है कि हम अपनी संस्कृति से जुड़े रहें और भारतीय परम्परा को आगे ले जाये जिससे अगली पीढ़ी भी भारतीय संस्कृति से जुड़ी रहें। संगठन का यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा।



प्रतिष्ठित बिरला विद्या मंदिर नैनीताल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नगर के प्रतिष्ठित बिरला विद्या मंदिर का रविवार को 79वां वार्षिकोत्सव समारोह बडे ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया। इस गरिमामयी समारोह में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता, लेखक और निर्देशक तथा विद्यालय के ही एक पूर्व मेधावी छात्र प्रमोद पाठक मुख्य अतिथि रहे।

इससे पूर्व कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत विद्यालय की एनसीसी विंग द्वारा मुख्य अतिथि को एक भव्य गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान करके की गई। इसके तुरंत बाद प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अपने विस्तृत संबोधन मे उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान अकादमिक कामयाबियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं और विभिन्न सह शैक्षणिक गतिविधियो मे छात्रों व शिक्षकों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और विद्यालय की प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और देश भर मे ऊँचाइयों को छू रहा है।

इसके बाद मुख्य अतिथि प्रमोद पाठक ने अपने विद्यालय के पुराने दिनो की सुनहरी यादों को ताजा किया। उन्होंने विद्यालय और अध्यापकों के प्रति अपना अगाध आभार व्यक्त किया जिसकी बदौलत आज वे अपने करियर में इस मुकाम पर सफलता हासिल कर पाए हैं। उन्होंने विद्यालय परिसर में चल रहे तमाम विकास कार्यों और आधुनिकीकरण की प्रक्रिया पर गहरी प्रसन्नता जाहिर की। इसके बाद आयोजित विभिन्न खेल गतिविधियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से सभी उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान जूनियर स्कूल से पटेल सदन और सीनियर स्कूल से टैगोर सदन ने वर्ष 2026-27 की विजेता ट्राफी हासिल की, इसके पश्चात बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा सममानित किया गया।समारोह के अगले चरण में मुख्य अतिथि ने विद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई विज्ञान, कला, सामाजिक विज्ञान, भाषा व मनोविज्ञान और शिल्प प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों और उपस्थित अभिभावकों ने छात्रों दवारा बनाए गए शानदार मॉडलों, ज्ञानवर्धक चार्टों और रचनात्मक इंस्टॉलेशन का निरीक्षण किया और उनकी प्रशंसा की।इसके पश्चात् रंगारंग और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए मंच पर एक के बाद एक कई बेहतरीन प्रस्तुतिया दी गईं। अंत में समूह नृत्यों की ऊर्जावान और लयबद्ध प्रस्तुति ने एकता, संस्कृति और कलात्मक प्रतिभा का एक अनूठा रंग बिखेरा । इस दौरान ही परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र और पदक देकर सममानित किया गया। अंत में प्रधानाचार्य श्री अनिल कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। वार्षिकोत्सव समारोह में वित्त प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता, राकेश मोलाशी, पृथ्वीराज सिंह किरौला, लीला सिंह बिष्ट, केदार सिंह गड़िया समेत विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों सहित शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

गैरसैंण राजधानी की मांग पर बुद्धपार्क में आंदोलन

78 साल के बुजुर्ग से लेकर महिलाओं तक ने संभाला मोर्चा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



जिस उत्तराखंड के लिए महिलाओं ने लाठियां- गोलियां खाईं, आंदोलनकारियों ने अपना सब कुछ दांव पर लगाया, उसी राज्य में आज भी स्थायी राजधानी का सवाल अधर में है। पहाड़ की पहचान, अधिकार और भविष्य को लेकर उठी आवाज अब हल्द्वानी के बुद्धपार्क में अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन के रूप में गूंज रही है।

18 अक्टूबर से गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने की मांग पर जारी आंदोलन में महिलाओं से लेकर बुजुर्ग राज्य आंदोलनकारी तक डटे हैं। आंदोलनकारियों ने सवाल उठाया कि आखिर राज्य गठन के इतने वर्षों बाद भी गैरसैंण को उसका हक क्यों नहीं मिला ? क्रमिक अनशन पर बैठीं पहाड़ी आर्मी की जिलाध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलन में महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने लाठियां और गोलियां खाईं, यहां तक कि आंदोलन के दौरान महिलाओं की अस्मिता पर भी हमले हुए। उस संघर्ष के पीछे सपना था कि अपना राज्य बनेगा, लोगों को अधिकार मिलेंगे, पलायन रुकेगा और महिलाएं सुरक्षित रहेंगी। लेकिन आज राज्य की स्थिति देखकर आंदोलनकारियों के सपनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पूर्व आईएएस विनोद प्रसाद रतूड़ी ने बताया कि अब तक टिहरी के अनिल बहुगुणा, चखुटिया के भुवन कठायत, गोचर के रमेश थपलियाल, रुद्रप्रयाग के सेवानिवृत्त इंजीनियर दयाल सिंह राणा, मासी के आनंद राम, चमोली के दुर्गा प्रसाद, ऋषिकेश के रामेश्वर शर्मा, गैरसैंण के नारायण सिंह बिष्ट, कर्णप्रयाग के दान सिंह मिगवाल, दिल्ली के जगदीश ममगाईं, पिथौरागढ़ के कविन्द्र चंद और दिल्ली से आए अधिवक्ता भुवन चंद्र क्रमिक अनशन पर बैठ चुके हैं।

उन्होंने बताया कि अगले दिन तारा दत्त पांडेय अनशन पर बैठेंगे। रतूड़ी ने कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों से लगातार लोग आंदोलन को समर्थन देने बुद्धपार्क पहुंच रहे हैं। दूसरे राज्यों में रह रहे प्रवासी उत्तराखंडियों का भी आंदोलन से जुड़ने के लिए हल्द्वानी पहुंचना जारी है। आंदोलन को समर्थन दे रहे पहाड़ी आर्मी के अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड राज्य का निर्माण पहाड़ के अस्तित्व, अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए हुआ था, लेकिन राज्य गठन के वर्षों बाद भी स्थायी राजधानी का प्रश्न अधूरा है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से आंदोलन में भागीदारी की अपील की। नेगी ने कहा कि पहाड़ की पहचान, पलायन, रोजगार और पर्वतीय क्षेत्रों के विकास जैसे मुद्दों पर सभी वर्गों को एकजुट होना होगा।

इस दौरान पहाड़ी आर्मी के जिलाध्यक्ष फौजी राजेंद्र कांडपाल, प्रेमा मेर, नीमा भट्ट, मनोज रावत, जय रावत, अंजू पांडे, विनोद नेगी, संजय जोशी, संजय बिष्ट, कविता जीना, देवेंद्र सालाकोट, तारा पांडे, रजत पाटनी, दीपा आर्य, मुन्नी देवी, सीमा देवी, ललिता देवी, लता देवी, हिमानी पांडे, ज्योतिष्ण पांडे, उषा शर्मा, गजेंद्र नाथ, आनंद राम, शुभम जोशी, दीपक जोशी सहित सैकड़ों आंदोलनकारी मौजूद रहे।

मतदाताओं के नाम हटाने के कथित खेल में पुलिस को झटका

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

चुनावी प्रक्रिया में पहचान के कथित दुरुपयोग और 28 मतदाताओं के नाम हटाने के ऑनलाइन आवेदन का मामला अब पुलिस के लिए कानूनी चुनौती बनता जा रहा है। निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर दूसरे व्यक्ति के नाम से आवेदन किए जाने की शिकायत में एफआईआर दर्ज कर जांच के मजिस्ट्रेटी आदेश पर रोक लगाने पहुंची बनभूलपुरा पुलिस को अदालत से फिलहाल राहत नहीं मिली। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने पुलिस की अंतरिम रोक की मांग खारिज कर दी। इससे एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने का मजिस्ट्रेट का आदेश फिलहाल प्रभावी बना हुआ है।

मामला बनभूलपुरा क्षेत्र के इंदिरानगर निवासी इकराम अली की शिकायत से जुड़ा है। अधिवक्ता मनीष कुमार पांडे के अनुसार, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने शिकायतकर्ता की पहचान का कथित दुरुपयोग करते हुए निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर फॉर्म-7 के जरिए भाग संख्या 134 के 28 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने न तो ये आवेदन किए और न ही किसी को ऐसा करने के लिए अधिकृत किया। पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर इकराम अली ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 175(3) के तहत न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, हल्द्वानी ने 6 अक्टूबर को एफआईआर दर्ज कर नियमानुसार विवेचना करने के निर्देश दिए।

अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 7 दिसंबर की तारीख तय की है। फिलहाल अंतरिम राहत नहीं मिलने से एफआईआर दर्ज कर जांच करने का मजिस्ट्रेटी आदेश प्रभावी है।

अदालत से

- एफआईआर पर रोक लगाने की मांग खारिज

राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ की वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता आयोजित

भवाली

हमारे संवाददाता

राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ की वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता संपन्न हो गई जिसमें पुरुष वर्ग में पवन कुमार तो महिला वर्ग में काजल पांडे चैंपियन बने। प्रतियोगिता के तहत 100 मी पुरुष वर्ग में पवन कुमार प्रथम,कमल नेगी द्वितीय,पीयूष तृतीय,महिला वर्ग में शीतल प्रथम, ज्योति सेकंड और पायल तृतीय एस्थान पर रही।

2000 मीटर दौड़ में कमल ने प्रथम, प्रकाश द्वितीय और पीयूष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि महिला वर्ग में काजल प्रथम, अपर्णा द्वितीय, पायल तृतीय स्थान पर रही । 400 मीटर दौड़ में प्रकाश प्रथम, गौरव वर्मा द्वितीय व कमल नेगी तृतीय स्थान पर रहे नित्या, काजल व शीतल ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रही।8000 मी बालिका वर्ग में नित्या प्रथम गुंजन द्वितीय और ललिता बिष्ट तीसरे स्थान पर रही जबकि 1500 मीटर दौड़ में पवन प्रथम, प्रकाश द्वितीय तथा महेंद्र तृतीय स्थान पर रहे। जबकि ललिता बिष्ट ने प्रथम नित्या द्वितीय भूमिका बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया लंबी कूद पुरुष वर्ग में पवन कुमार प्रथमए प्रियांशु पाल द्वितीय सारांश पाल तृतीय रहे बालिका वर्ग में प्रथम काजल गुंजन दूसरे और नित्या तीसरी स्थान पर रही जबकि ऊंची कूद में गुंजन प्रथम काजल द्वितीय और ज्योति आर्य तृतीय स्थान पर रही। चक्का फेंक में सारांश पाल प्रथम तथा द्वितीय पवन व तृतीय पीयूष रहे। बालिका वर्ग मेंप्रथम मोहिता द्वितीय पायल, ज्योति आर्य तृतीय स्थान पर रही।

प्रतियोगिता के तहत गोला फेंक प्रतियोगिता में कमल, प्रियांशु ,पीयूष,अपर्णा, मोहिता व काजल पांडे प्रथम द्वितीय और तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर नगेंद्र द्विवेदी ने छात्र.छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए यह कहा कि स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मस्तिष्क का वास करता है इसलिए हार जीत की भावना से परे होकर प्रतिभाग करना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर निर्मला रावत ने किया।



खेतीखान में पांच दिवसीय दीप महोत्सव का शुभारंभ

चंपावत। खेतीखान में रविवार को 27वें दीप महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल ने इसका उद्घाटन किया। महोत्सव समिति के अध्यक्ष विजय फर्त्याल की अध्यक्षता में यह आयोजन हुआ। इस दौरान स्कूली बच्चों, रामलीला समिति और महिला समूहों ने झाँकियां निकालीं। झाँकियां पूरे बाजार से महोत्सव स्थल तक गईं।

विधायक विनोद कंडारी का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे

देहरादून

हमारे संवाददाता

देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी की गाड़ी सोमवार को बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसे का शिकार हो गई।

श्रीनगर से कीर्तिनगर की ओर जा रहे विधायक के वाहन को ऊफल्डा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक अन्य वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में विधायक विनोद कंडारी बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार, विधायक विनोद कंडारी अपने वाहन से श्रीनगर से कीर्तिनगर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बदरीनाथ हाईवे पर ऊफल्डा के पास सामने से आ रहे एक वाहन ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में विधायक को हल्की चोटें आई हैं। वह सुरक्षित हैं।



ऑल सेंट्स कॉलेज का वार्षिकोत्सव एवं एथलेटिक मीट आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज में रविवार को कालेज के 157वां स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में वार्षिक एथलेटिक मीट का भव्य आयोजन किया गया। खेल, अनुशासन और उत्साह से सराबोर इस आयोजन में छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजिना रिचर्ड्स द्वारा टॉर्च प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत विभिन्न सदनों की छात्राओं ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। मार्च पास्ट के दौरान छात्राओं का अनुशासन व एकजुटता और उत्साह देखते ही बनता था।मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित ने अपने संबोधन में कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासनए धैर्य, प्रतिबद्धता व दृढ़ता और टीम भावना जैसे गुण विकसित होते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए अभिभावकों और शिक्षकों से बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद एवं अन्य सह.पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान वर्षभर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विभिन्न आयु वर्गों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए डी वर्ग में अनुश्री कालाकोटी, सी वर्ग में एरिन कौर जबकि बी वर्ग में नंदिनी बिष्ट तथा ए वर्ग में जायना रहमान को बेस्ट एथलीट घोषित किया गया वहीं नंदिनी बिष्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एथलीट ऑफ द मीट का खिताब अपने नाम किया।इस वर्ष की एथलेटिक शील्ड 2026 पर 259 अंक अर्जित कर मिलमन सदन ने कब्जा जमाया वहीं 235 अंकों के साथ रॉबिन्सन सदन दूसरे तथा 231 अंकों के साथ डोरोथी किंग सदन तीसरे स्थान पर रहा। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्या श्रीमती अंजिना रिचर्ड्स ने मुख्य अतिथि अभिभावकों एवं उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन ज्योतिका गिल एवं नंदिता चट्टोपाध्याय ने किया।



इस अवसर पर रामेश्वरी पुरोहित, उच्च न्यायालय के डिप्टी एडवोकेट जनरल राजीव बिष्ट, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर के मैनेजर विनय साह, लॉग व्यू पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य भुवन त्रिपाठी, धारी की पूर्व ब्लॉक प्रमुख शांति बिष्ट एवं रीता सनवाल तथा ऑल सेंट्स कॉलेज के खेल विभागाध्यक्ष गोपाल बिष्ट सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व छात्राओं के अभिभावक तथा नैनीताल के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।